## महत्वपूर्ण एवं खास

### राज्यपाल अनुसुईया उईके का दौरा कार्यक्रम

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** राज्यपाल अनुसुईया उईके 29 जनवरी को रायपुर से हेलीपेड द्वारा प्रस्थान कर प्रातः10.5 बजे पुसौर स्टेडियम हेलीपेड रायगढ़ आयेंगी। राज्यपाल अनुसुईया उईके 11 बजे से 1 बजे तक आर्ष गुरूकुल आश्रम तुरंगा में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगी तथा दोपहर 1 बजे पुसौर हेलीपेड के लिए रवाना होंगी। राज्यपाल उईके पुसौर से दोपहर 1.10 बजे हेलीकाप्टर से रायपुर के लिए प्रस्थान करेंगी।

### पंच प्रत्याशी की पिटाई, मामला दर्ज

**रायपुर (आरएनएस)।** पंच के पद पर खड़े होने की बात को लेकर मारपीट किये जाने की रिपोर्ट अभनपुर थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम गोतयारडीह अभनपुर निवासी धनेश कुमार बंजारे 45 वर्ष पिता जागेश्वर बंजारे ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि सोमवार को रात्रि 11.30 बजे प्रार्थी कुंज लाल विश्वकर्मा, नीरा विश्वकर्मा और देवानंद मारकंडे आग ताप रहे थे उसी समय गांव के नान्हे धृतलहरे, डोमन धृतलहरे, भेदराम यादव तीनों आए और नान्हे धृतलहरे ने मेरे खिलाफ पंच के पद पर खड़े होने की हिम्मत कैसे हुआ कहते हुए अपनी साथी डोमन धृतलहरे, भेदराम यादव के साथ एक राय होकर गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देकर मारपीट किया। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अलग-अलग धाराओं में अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है।

### 'बिहान' में 27 पदों पर भर्ती के लिए पात्र-अपात्र उम्मीदवारों से दावा-आपत्ति आमंत्रित

**» उम्मीदवार ईमेल आईडी पर प्रस्तुत कर सकते हैं दावा-आपत्ति**

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) में 27 पदों पर भर्ती के लिए प्राप्त ऑनलाइन आवेदनों की संवीक्षा के बाद पात्र-अपात्र उम्मीदवारों से दावा-आपत्ति आमंत्रित की गई है। उम्मीदवार ईमेल आईडी पर 28 जनवरी से 07 फरवरी तक दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। 07 फरवरी की शाम पांच बजे के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा। 'बिहान' द्वारा पात्र-अपात्र उम्मीदवारों की सूची वेबसाइट पर जारी की गई है। 'बिहान' में सहायक राज्य कार्यक्रम प्रबंधक, प्रोग्राम एक्जीक्यूटिव्ह, जिला मिशन प्रबंधक, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, विकासखंड परियोजना प्रबंधक एवं लेखापाल के कुल 27 पदों पर भर्ती के लिए विगत दिसम्बर माह में विज्ञापन जारी किए गए थे। इसके अंतर्गत 17 दिसम्बर 2019 से 6 जनवरी 2020 तक उम्मीदवारों से ऑनलाइन आवेदन मंगाए गए थे। राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा प्राप्त आवेदनों का परीक्षण कर पात्र-अपात्र उम्मीदवारों की सूची जारी कर दावा-आपत्ति आमंत्रित की गई है।

### आई.ए.एस. श्री सुबोध कुमार सिंह केन्द्र सरकार में सेवाएं देने कार्यमुक्त

**रायपुर।** राज्य शासन द्वारा भारतीय प्रशासनिक सेवा के 1997 बैच के अधिकारी श्री सुबोध कुमार सिंह को भारत सरकार द्वारा केन्द्र सरकार के खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग में संयुक्त सचिव, के पद पर पदस्थ किया गया है। छत्तीसगढ़ शासन में सचिव, श्रम विभाग एवं आयुक्त श्रम तथा अतिरिक्त प्रभार लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की सेवाएं भारत सरकार कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग नई दिल्ली को सौंपते हुए संयुक्त सचिव, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग के पद पर कार्यभार ग्रहण करने के लिए कार्यमुक्त किया गया है। इस संबंध में आज यहां मंत्रालय महानदी भवन से सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा आदेश जारी किया गया है।

### नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ. शिव डहरिया ने किया मतदान

**रायपुर।** नगरीय प्रशासन और श्रम मंत्री डॉ. शिव कुमार डहरिया ने आज अपने गृहगाम में परिवार सहित मतदान किया। उल्लेखनीय है कि त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन-2020 के पहले चरण का निर्वाचन अभनपुर विकासखण्ड के ग्राम छछानपैरी स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला भवन में में भी आयोजित थी। इस दौरान मंत्री डॉ. डहरिया के धर्मपत्नी सहित उनके अन्य परिवाण गण उपस्थित थे।

# कलेक्टर ने किया मतदान केन्द्रों का निरीक्षण

**» प्रथम चरण में रायगढ़, घरघोड़ा, धरमजयगढ़ एवं तमनार विकासखण्डों में हुआ मतदान**

**» त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन का प्रथम चरण हुआ संपन्न**






**न्याय साक्षी/रायगढ़।** कलेक्टर यशवंत कुमार ने त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के प्रथम चरण में मतदान का निरीक्षण किया। प्राथमिक शाला पण्डरीपानी पूर्व मतदान स्थल पहुंचे। केन्द्र में उन्होंने मतदान कर्मियों से डाले जा चुके मतदान प्रतिशत की जानकारी ली तथा मतगणना के संबंध में आवश्यक निर्देश भी दिए। उन्होंने मतदाताओं, मतदान अभिकर्ताओं से भी चर्चा की। इसके पश्चात कलेक्टर यशवंत कुमार प्राथमिक शाला लोईंग के मतदान केन्द्र पहुंचे तथा वहां बनाये गये तीन बूथों का निरीक्षण किया। इस दौरान मतदाताओं की अधिक संख्या को देखते हुए निर्वाचन के सुगम संचालन हेतु रिजर्व में रखे गए मतदान कर्मियों को वहां संलग्न करने के निर्देश एसडीएम रायगढ़ आशीष देवांगन को दिए। इस दौरान पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह भी साथ रहे तथा उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था में तैनात जवानों को मतगणना के दौरान सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ ऋचा प्रकाश चौधरी, डिप्टी कलेक्टर युगल किशोर उर्वशा व सीईओ जनपद पंचायत रायगढ़ सागर सिंह उपस्थित रहे।

### तेजस एकेडमी में कार्यरत कर्मचारियों के लिए मानदेय राशि स्वीकृत

**» जिला खनिज संस्थान न्यास निधि से दी जाएगी राशि**

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** कलेक्टर यशवंत कुमार ने प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए संचालित तेजस एकेडमी में संलग्न शिक्षकों एवं भृत्यों के मानदेय भुगतान की राशि जिला खनिज संस्थान न्यास निधि से किए जाने की स्वीकृति प्रदान की है। उक्त स्वीकृति के अंतर्गत तेजस एकेडमी में अपनी सेवाएं दे रहे शिक्षक एवं भृत्य के माह मार्च 2019 एवं वर्ष 2019-20 के मानदेय के भुगतान तथा स्टेशनरी एवं फोटो कापी मशीन क्रय करने हेतु कुल 23 लाख 55 हजार 463 रुपए की राशि स्वीकृत की है।

## त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के प्रथम चरण का मतदान संपन्न

**» लोकतंत्र की बुनियाद सशक्त करने में बुजुर्ग, निःशक्त,**
**» महिलाओं सहित बड़ी संख्या में जनसामान्य की रही सहभागिता**



**न्याय साक्षी/रायगढ़।** लोकतंत्र की बुनियाद सशक्त करने के लिए आज रायगढ़ जिले में त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन में बड़ी संख्या में बुजुर्ग, निःशक्त, महिलाओं एवं युवाओं एवं बड़ी संख्या में जनसामान्य ने उत्साहपूर्वक मतदान किया।



जिले के दूरस्थ अंचल धरमजयगढ़ में भी लोगों ने भी आगे आकर कतारबद्ध होकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। आज प्रथम चरण में रायगढ़, घरघोड़ा, धरमजयगढ़ एवं तमनार में नागरिकों ने मतदान किया। अपरान्ह 3 बजे तक मतदान का कुल प्रतिशत 75.45 रहा। जिनमें घरघोड़ा 80.44 प्रतिशत, धरमजयगढ़ 75.19 प्रतिशत, रायगढ़ 73.60 प्रतिशत एवं तमनार 74.94 प्रतिशत रहा।

## राज्यपाल के कार्यक्रम की तैयारियों का कलेक्टर ने लिया जायजा

**» पुलिस अधीक्षक व सीईओ जिला पंचायत भी रहे साथ**



**» व्यवस्थाएं समय से पूर्ण करने के दिए निर्देश**

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** राज्यपाल अनुसुईया उईके रायगढ़ जिले के पुसौर स्थित आर्ष गुरूकुल तुरंगा आश्रम के कार्यक्रम में सम्मिलित होने जा रही हैं, जिसके मद्देनजर कलेक्टर यशवंत कुमार ने आज कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लिया। कलेक्टर ने पुसौर स्टेडियम में हेलीपेड स्थल को देखा तथा हेलीपेड निर्माण के संबंध में ईई पीडब्ल्यूडी तथा सीएसईबी के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। तत्पश्चात उन्होंने आयोजन स्थल पहुंचकर मंच व बैठक व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, पार्किंग, बिजली व पेयजल व्यवस्था तथा अन्य तैयारियों के विषय पर आयोजकों तथा अधिकारियों से जानकारी ली तथा समय से कार्य पूर्ण करने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह, जिला पंचायत सीईओ ऋचा प्रकाश चौधरी, एसडीएम रायगढ़ आशीष देवांगन सहित विभिन्न अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## पुसौर में स्वास्थ्य कार्यकर्ता को मानसिक बीमारी की पहचान के संबंध में दिया गया प्रशिक्षण






**न्याय साक्षी/रायगढ़।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पुसौर में आज जिला स्तरीय टीम के द्वारा महिला एवं पुरुष स्वास्थ्य कार्यकर्ता के लिए राष्ट्रीय बधिरता नियंत्रण एवं रोकथाम और राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के संबंध में एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में बधिरता एवं मानसिक बीमारी की पहचान, उपचार के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

### गांव के तरक्की बर करे हन मतदान-बुजुर्ग देवसिंह



**न्याय साक्षी/रायगढ़।** घरघोड़ा विकासखण्ड के फगुरम में मतदान केन्द्र क्रमांक 28 में बुजुर्ग देवसिंह ने मतदान किया और उन्होंने कहा कि गांव के तरक्की बर मैं ह मतदान करे हो। सब्बो मन ला देश अउ प्रदेश के उन्नति बर मतदान करे बर आगे आना चाही।

## बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत लोगों को जागरूक करने के लिए निकली जागरूकता रैली







**न्याय साक्षी/रायगढ़।** बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत आज बरमकेला विकास खण्ड के उप स्वास्थ्य केन्द्र पिहरा और प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बोन्दा और स्कूली बच्चों के सहयोग से लोगों को जागरूक करने के लिए जन-जागरूकता रैली निकाली गई और लोगों को बेटा-बेटी में कोई भेदभाव नहीं करने का आग्रह किया। साथ ही अच्छी शिक्षा देकर बेटियों को आगे बढ़ाने के लिए कहा।

### बुजुर्गों में दिखा मतदान करने का जज्बा



**न्याय साक्षी/रायगढ़।** धरमजयगढ़ विकासखण्ड में चंद्रशेखरपुर मतदान केन्द्र क्रमांक 6 में होरीबाई गुलाब सिंह ने मतदान किया। दूरस्थ अंचल में भी गांवों की प्रगति के लिए बुजुर्ग महिलाओं में जागरूकता एवं जज्बा दिखाई दिया।

## पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट बलवा सहित गंभीर धाराओं पर अपराध दर्ज

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** थाना कोतवाली में दिनांक 27.01.2019 को अजय मानिकपुरी पिता जगत प्रसाद मानिकपुरी उम्र 20 साल निवासी कल्लु पान ठेला के पास कोतरारोड द्वारा थाना कोतवाली में विजय सिंह उर्फ बिज्जू ठाकुर और उसके साथियों द्वारा इसे और इसके साथी अनुज थापा पर लात, घुसे, मुक्के व तलवार से पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट कर जानलेवा हमला किया गया है। रिपोर्टकर्ता अजय ने बताया कि दिनांक 27/01/2020 के शाम 05:30 बजे विजय सिंह ऊर्फ बिज्जू ठाकुर, चुनचुन शर्मा, मुकेश तिवारी, अशिष साहू, शिवम मिश्रा, प्रतिश ठाकुर, वास्तव ठाकुर एवं अन्य दो लोगो द्वारा एक राय होकर हमारे द्वारा कलेक्टर को सौपे गये ज्ञापन पर गुस्सा करते हुये हमारे खिलाफ में रिपोर्ट किये हो कहकर इसे और इसके साथी अनुज थापा को गंदी गलियां देते हुये जान से मारने की धमकी देकर हाथ मुक्का से मारपीट किए तथा जान से मारने की नियत से तलवार लहराये।

इस रिपोर्ट पर थाना कोतवाली में उपरोक्त लोगों के विरुद्ध अपराध क्रमांक 87/2020 धारा 147,307,294,323,506 ताहि के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

### राज्य सड़क क्षेत्र परियोजना के तहत 855 किलो मीटर की सड़कें पूर्ण

**» 869 किलोमीटर लम्बाई की 25 सड़कों का कार्य प्रगति पर**

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ राज्य सड़क क्षेत्र परियोजना के अंतर्गत एशियन विकास बैंक (एडीबी) की सहायता से प्रदेश में 855 किलोमीटर सड़क निर्माण का कार्य पूर्ण हो चुका है। इस परियोजना के अंतर्गत तृतीय ऋण में 3484 करोड़ रूपए की लागत के 869 किलोमीटर लम्बाई की 25 सड़कों का निर्माण प्रगति पर है। लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने बताया कि तृतीय ऋण परियोजना के तहत एडीबी की सहायता से प्रगतिरत सड़कों में मुख्य रूप से धमतरी जिले में बुढ़ेनी-नयापारा-परसवानी-मगरलोड-मोहंदी-बोरसी-भोयना मार्ग 67 किलोमीटर, रायपुर-धमतरी जिले में टिकरापारा-सेजबहार-सेमरा-भखारा-धमतरी मार्ग 54 किलोमीटर और रायगढ़ जिले में करूभाठा-रक्सापाली-कच्छर-उसरौथ-तारापुर-पुटकापुरी-सुपा मार्ग 48 000

### चालक की लापरवाही से खलासी की मौत

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** थाना तमनार के मर्ग क्रमांक 03/2020 धारा 174 जा0फौ0 की जांच में पाया गया कि दिनांक 26/01/20 को नो एन्ट्री होने से पूंजीपथरा-तमनार रोड में आमाघाट के पास रोड किनारे बहुत सी वाहन खडी थी ट्रेलर क्रमांक सीजी वी डब्ल्यू ए डब्ल्यू 0712 का खलासी उक्त ट्रेलर के सामने बैठकर मोबाईल से बात कर रहा था करीबन 10 बजे नो एन्ट्री खुला तो उसी वाहन का चालक लापरवाहीपूर्वक बिना आगे पीछे देखे वाहन का चालू कर आगे बढा दिया जिससे वाहन के सामने बैठे खलासी गुलाब सिंह बिंझवार पिता सियाराम बिंझवार उम्र 25 वर्ष सा- उचलेंगा थाना बांगों जिला कोरबा ट्रेलर के नीचे दबने से फौत हो गया। घटना के संबंध में ट्रेलर के चालक के विरूद्ध थाना तमनार में अप.क्र. 38/2020 धारा 279,304-ए भादंवि दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

## पंचायतों को मजबूत करने घर की चारदीवारी से बाहर निकली बुजुर्ग महिलाएं

**न्याय साक्षी/रायगढ़। धरमजयगढ़ विकासखण्ड के सामारूमा ग्राम की 82 वर्षीय बुजुर्ग घसियानो चौहान ने व्हील चेयर में जाकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया।**



उन्होंने कहा कि वृद्धावस्था के इस दौर में घर की चारदीवारी से बाहर निकलकर मतदान करना कठिन अवश्य रहा, लेकिन इस बात की खुशी है कि पंचायतों को मजबूत करने में अपना दायित्व निभा सकी। बुजुर्गों ने कभी दूसरों का हाथ थामे, कभी किसी का सहारा लिए मतदान के कर्तव्य को पूरा किया।

## जे.एस.पी.एल. में हुई दुर्घटना पर जिन्दल प्रबंधन, ठेकेदार, सुपरवाईजर एवं शिफ्ट इंचार्ज पर हुई कार्यवाही

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** थाना कोतरारोड के मर्ग क्रमांक 04/2020 धारा 174 जा0फौ0 के मृतक गौतम प्रसाद चन्द्रा पिता पहाड सिंह चन्द्रा उम्र 50 वर्ष निवासी सोनाडुला थाना मालखरौदा जिला जांजगीर चाम्पा हा0मु0 उच्चभिटठी थाना कोतरारोड की जांच में गया।

मृतक गौतम प्रसाद चन्द्रा ठेकेदार रीता सिंह के अंडर मे जेएसपीएल कम्पनी पतरापाली रायगढ के अंदर के जक्शन हाउस - 02 में लेबर का काम करता था कि दिनांक 21/01/2020 को जक्शन हाउस- 02 में डयुटी कर रहा था कि शाम 07/00 बजे अचानक बेल्ट चालू हुआ तब गौतम प्रसाद चन्द्रा सूट को देख के आ रहा हुं कहकर जक्शन हाउस - 02 में गया और वापस नही आया कुछ देर बाद आरएमएच- 03 में काम कर रहे आपरेटर सिस्टम को टिप्लर से कोयला यार्ड - 04 आरएमएच- 03 में गिराने के लिए चालू किये और कंट्रोल रूम को फोन करके आरएमएच - 01 टिप्लर को चालू कराया तो कोयला के साथ स्टेकर बूम कन्वेयर से कोयला के साथ गौतम प्रसाद चन्द्रा गिरा जिसकी पहचान उसके भाई ने किया गया जो फौत हो गया था।

मृतक का हेलमेट एवं ग्लव्स जक्शन हाउस - 02 के मिडिल फ्लोर पर मिला है जहां आवश्यकता पडने पर ही जिन्दल कम्पनी के अधिकारियो के अनुमति से जाते है एवं सफाई करते है। जो जक्शन हाउस - 02 का शिफ्ट इंचार्ज मुकेश कुमार द्विदी, कामेश्वर दिव्या, एचओडी एस0के0 नायक एवं जिन्दल प्रबंधन, ठेकेदार, सुपरवाईजर की लापरवाही के कारण मृतक गौतम प्रसाद चन्द्रा का दुर्घटना से मृत्यू हुई है जांच पर उपरोक्त के विरूद्ध अप.क्र. 11/2020 धारा 304 ए, 34 भा0द0वि0 पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## गांधी की पुण्य तिथि पर 30 को दो दिनी उपवास निगम गार्डन में

**रायपुर (आरएनएस)।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की पुण्य तिथि पर नगर के गांधी उपवासकर्ता पं. अरुणेश कुमार शर्मा दिनांक 29 जनवरी से 30 जनवरी तक दो दिनी (30) घंटे का उपवास करेंगे। उक्त आयोजन नगर निगम मुख्यालय के सामने स्थित गार्डन के मंच पर संपन्न होगा। इस आयोजन में दूधाधारी मठ के महामंडलेश्वर राजेश्री डॉ. महंत रामसुंदर दास जी व नगर के प्रथम नागरिक महापौर ऐजाज ढेबर प्रमुख रूप से शामिल होंगे। उक्त आयोजन गांधी गैर राजनीतिक संस्थान द्वारा आयोजित इस उपवास सभा में गांधी जी के विचारों के प्रसार तथा सांप्रदायिक एवं विघटनकारी शक्तियों के विरोधस्वरूप यह सांकेतिक उपवास कर गांधी जी की पुण्य तिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि दी जाएगी।

संस्थान के संयोजक आदेश ठाकुर ने बताया कि नगर के प्रमुख समाजसेवी, पत्रकार, गांधी चिंतक तथा अन्य गणमान्य नागरिकों को भी आयोजन में शामिल हो कर अपने विचार रखने के लिए आमंत्रित किया जा रहा है।

गांधी उपवासकर्ता पं. अरुणेश कुमार शर्मा के अनुसार महात्मा की पुण्य तिथि के मौके पर गांधी जी के विचारों, धर्म दर्शन, उनके संस्कारों को अपनाने का एकमात्र माध्यम गांधी उपवास ही है। गांधी जी की तरह सीमित मात्रा में नियमित भोजन ही गांधी उपवास है। उन्होंने कहा के दौरान गांधी जी के गैर राजनीतिक चिंतन, व्यवहार तथा उनके कार्यों पर चिंतन गोष्ठी का आयोजन होगा।

### कार ने बाइक सवार को मारी टक्कर, एक की मौत, तीन घायल

**रायपुर (आरएनएस)।** प्रदेश में इन दिनों सड़क दुर्घटनाओं में लगातार इजाफा हो रहा है। ऐसा कोई दिन नहीं जाता जब प्रदेश के किसी हिस्से में सड़क दुर्घटना में दो पहिया वाहन एवं चौपहिया वाहन सवार घायल न होते हो। मिली जानकारी के अनुसार पाटन मार्ग में मोतीपुर और जामगांव के बीच एक कार ने बाइक सवार लागों को जमकर टक्कर मारी। बाइक कार की टक्कर से घटना स्थल पर ही कार पलट गई जिसके चलते तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गये एवं की मौत अस्पताल पहुंचने पर हो गई। तीन गंभीर घायलों का इलाज अस्पताल में जारी है।

## मताधिकार की जिम्मेदारी पूर्ण कर मिली है खुशी-जज्ञ प्रधान



**न्याय साक्षी/रायगढ़।** रायगढ़ विकासखण्ड के ग्राम जुर्डा में मतदान केन्द्र क्रमांक 115 में 85 वर्षीय बुजुर्ग श्रीमती जज्ञ प्रधान ने मतदान किया। उन्होंने कहा कि उम्र के इस पड़ाव में अपनी जिम्मेदारी को पूरा करने से उन्हें बहुत खुशी मिली है।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480